# TGT Hindi

Q 1). In June 2025, at which of the following places Shri Amit Shah has inaugurated the National Turmeric Board headquarters?

(A) Nizamabad, Telangana

(B) Meerut, Uttar Pradesh

(C) Indore, Madhya Pradesh

(D) Raipur, Chhattisgarh

Correct Answer: (A)

Q 2). The World Health Organization (WHO) has recently praised India for

(A) Launching the first AI-Powered vaccine distribution network.

(B) Creating a global database of all herbal medicines used in India.

(C) Using Artificial Intelligence (AI) to modernize traditional medicine.

(D) Implementing nationwide AI automated hospital administration.

Correct Answer: (C)

Q 3). The World Games 2025 took place in which country in August 2025?

(A) India

(B) China

(C) Brazil

(D) USA

Correct Answer: (B)

Q 4). PPT with pictures and description is which type of teaching aid?

(A) Audio

(B) Visual

(C) Audio-Visual

(D) Non-Projected

Correct Answer: (B)

Q 5). Which of the following is an example of positive reinforcement as per child psychology?

(A) Giving a child a time-out for misbehavior

(B) Praising a child for completing homework

(C) Removing TV privileges for poor grades

(D) Ignoring a child's tantrum

Correct Answer: (B)

Q 6). As per NEP 2020, what is the proposed bagless period for students in Grades 6-8 in a year?

(A) 5 days

(B) 10 days

(C) 15 days

(D) 20 days

Correct Answer: (B)

Q 7). निम्नलिखित में कौन-सी रचना सुमित्रा नंदन पंत द्वारा रचित नहीं है?

(A) पल्लव

(B) ग्राम्या

(C) वीणा

(D) हिम किरीटनी

Correct Answer: (D)

Q 8). गा-गाकर बह रही निर्झरी,
पाटल मूक खड़ा तट पर है।

'निर्झरी' और 'पाटल' शब्दों के अर्थ हैं?

(A) झरना और पत्थर

(B) तटिनी और गेंदा

(C) नदी और गुलाब

(D) पुष्प और प्रस्तर

Correct Answer: (C)

Q 9). हिंदी भाषा के उद्‌भव और विकास का सही क्रम कौन-सा है ?

(A) संस्कृत, पालि, प्राकृत, अपभ्रंश

(B) पालि, प्राकृत, अपभ्रंश, संस्कृत

(C) अपभ्रंश, प्राकृत, पालि, संस्कृत

(D) प्राकृत, अपभ्रंश, पालि, संस्कृत

Correct Answer: (A)

Q 10). "पराधीन" का विलोमशब्द क्या होगा?

(A) स्वधीन

(B) स्वाधीन

(C) प्राधीन

(D) परधीन

Correct Answer: (B)

Q 11). कवित्त छंद का कौन सा लक्षण सही है ?

(A) कवित्त के चारों चरणों में 31-31 मात्राएँ होती हैं।

(B) यह एक वार्णिक छंद है जिसके प्रत्येक चरण में 26-26 वर्ण होते हैं।

(C) कवित्त के चारों चरणों में 16 -16 मात्राएँ होती हैं।

(D) यह एक वार्णिक छंद है जिसके प्रत्येक चरण में 31-31 वर्ण होते हैं।

Correct Answer: (D)

Q 12). "नीलकमल" पद का विग्रह पूर्वक समास-नाम क्या होगा?

(A) नीला-कमल है जिसका - द्वंद्व समास

(B) नीला कमल - कर्मधारय समास

(C) नीला है कमल जो - अव्ययीभाव समास

(D) नील का कमल - तत्पुरुष समास

Correct Answer: (B)

Q 13). निम्नलिखित में किस विकल्प में अशुद्धि है?

(A) क् + ष् + अ = क्ष

(B) त् + र् + अ = त्र

(C) ज् + ञ = ज्ञ

(D) द् + य् + आ = द्या

Correct Answer: (C)

Q 14). “विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पति:” किसके द्वारा प्रदत सूत्र है?

(A) जगन्नाथ

(B) दण्डी

(C) भरतमुनि

(D) भामह

Correct Answer: (C)

Q 15). "अयमय खाँड़ न ऊखमय, अजहुँ न बूझ अबूझ।" पंक्ति में निहित अलंकार का नाम बताइए।

(A) यमक अलंकार

(B) श्लेष अलंकार

(C) वक्रोक्ति अलंकार

(D) उल्लेख अलंकार

Correct Answer: (B)

Q 16). निम्नलिखित कवियों में कौन सा कवि रीतिकाल से सम्बंधित नहीं है?

(A) बिहारी लाल

(B) मतिराम

(C) भूषण

(D) रहीम

Correct Answer: (D)

Q 17). निम्नलिखित में से कौन-सी कृति निराला जी की नहीं है?

(A) कुकुरमुत्ता

(B) नए पत्ते

(C) चित्राधार

(D) अनामिका

Correct Answer: (C)

Q 18). “प्रत्युत्पन्नमति” शब्द में कितनी वर्ण ध्वनियाँ है?

(A) 9

(B) 10

(C) 11

(D) 12

Correct Answer: (D)

Q 19). निम्नलिखित में योगरूढ़ शब्द कौन-सा नहीं है?

(A) पंकज

(B) कुशल

(C) पानवाला

(D) चारपाई

Correct Answer: (C)

Q 20). **अधोलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़कर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए-**

आज विज्ञापन का युग है। विज्ञापन का तात्पर्य है - अपनी वस्तु के अवगुणों को छिपाकर उसके गुणों को बाजे-गाजे के साथ जनता के सामने रखना। वस्तु के गुणों की सत्यता होना आवश्यक नहीं है।इस तरह से अपनी वस्तु का प्रचार करना कि विज्ञापन देखते ही लोगों की वस्तु को ख़रीद लेने की इच्छा प्रबल से प्रबलतर होती जाए। लोग यह भूल जाएँ कि उनके पास उस महँगी वस्तु के लिए पैसे नहीं हैं। लोग यह भी भूल जाएँ कि उससे कम कीमत में भी उसकी जैसी या उससे अच्छी वस्तु बाज़ार में उपलब्ध है। लोग यह भी भूल जाएँ कि उनको उस वस्तु की आवश्यकता ही नहीं है। लोग यह भी भूल जाएँ कि स्वास्थ्य की दृष्टि से यह वस्तु हानिकर भी हो सकती है। विज्ञापन की चकाचौंध के जादू की यही तो ख़ास बात है कि लोगों को लगने लगता है कि इस वस्तु के लेने से ही उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा है, इसके बिना जीना भी क्या जीना है? आज कौन-सी ऐसी वस्तु है,जिसका विज्ञापन नहीं है? अरे, बिना विज्ञापन के भी क्या वस्तु की गुणवत्ता हो सकती है?विलासिता की ये सभी सामग्रियाँ व्यक्ति की सोच को प्रभावित करने लगी हैं। अपने पास उन वस्तुओं के न होने से मन में हीन भावना जन्म लेती है। दैनिक उपयोग की वस्तुओं के अतिरिक्त विभिन्न प्रकार के परिधान आँखों को मोहित करते हैं। मॉल में जाकर देख लीजिए क्या नहीं मिल रहा है? आजकल तो आप ऑन लाइन भी दुनियाँ भर की चीज़ें खरीद सकते हैं। लगता है जीवन का एक ही उद्देश्य है - कमाओ और उड़ाओ।आज की सामाजिक प्रतिष्ठा इन्हीं सब के उपयोग पर टिकी है। मॉल में बिना गए आप अच्छी गुणवत्ता वाली वस्तु कैसे खरीद पाएंगे। रही-सही कसर पूरी कर देते हैं हमारे पड़ौसी। आज का यह बढ़ता उपयोगितावाद क्या पश्चिम की देन तो नहीं है, जो सेंध लगाकर पिछले दरवाजे से यहाँ आ गया है। विज्ञापन और प्रसार के सूक्ष्म तंत्र हमारी मानसिकता बदल रहे हैं। यह सम्मोहन और वशीकरण ही क्या विकास है? आज भाई-भाई क्यों अलग हो रहे हैं? बूढ़े माँ-बाप का बँटवारा हो गया है या वे वृद्धाश्रम में रहने को विवश हो गए हैं, या संतान द्वारा उनको दी जाने वाली दो रोटी उनपर अहसान है? कहाँ गई भारतीय विरासत? सहानुभूति, ईमानदारी न्यायप्रियता, सेवा, सत्य और परोपकार के मूल्य कहाँ चले गए? प्रेम, भाईचारा, परस्पर सहयोग, सम्मान, विश्वास कहाँ पीछे छूट गए? यह कभी न समाप्त होने वाली अंधी दौड़ मानवता को किस ओर और कहाँ ले जाएगी?

**विरासत में भारत वासियों को क्या मिला है?**

(A) गरीबी, अशिक्षा और भुखमरी

(B) सहानुभूति, ईमानदारी न्यायप्रियता, सेवा, सत्य और परोपकार

(C) घृणा, अन्याय, स्वार्थ, बेईमानी

(D) कभी न समाप्त होने वाली अंधी दौड़

Correct Answer: (B)

---